__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date - 03.02.2025 Class - IV
Subject - Hindi Laguage page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

'कहानी'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'कहानी' लेखन कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 21 दिसबर, 2020 को भेजा जाएगा। यह आवाज़ रोमा रानी की है।
प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'कहानी' लेखन के बारे में पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख ले, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'कहानी' लेखन के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।
प्यारे बच्चो ! कहानी 'कहना' और 'सुनना' न जाने कब आरंभ हुआ, परंतु यह सिलसिला आज तक जारी है। बच्चो ! आपको भी कहानी 'सुनना' और 'पढ़ना' बहुत अच्छा लगता होगा। कहानी लेखन एक ऐसी कला है, जिसे अभ्यास द्वारा सीखा जा सकता है। यदि कुछ बातों का ध्यान रखा जाए, तो रोचक व शिक्षाप्रद कहानी सरलता से लिखी जा सकती है।
बच्चो ! एक अच्छी कहानी लिखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है।

- कहानी चित्र, संकेत व शिक्षा के आधार पर लिखी जा सकती है।

Scanned with CamScanner

—/—/—

Date - 03.02.2025 Class - IV
Subject - Hindi Language Page-2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

- किसी विषय पर कहानी लिखने से पहले उसकी रूपरेखा बनानी चाहिए।
- कहानी को आकर्षक एवं छोटा शीर्षक देना चाहिए।
- कहानी रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से आरंभ करनी चाहिए।
- भाषा व वाक्य - रचना सरल व बोधगम्य होनी चाहिए।
- कहानी विषयानुकूल एवं शिक्षाप्रद होनी चाहिए।
- कहानी में घटनाओं को क्रमानुसार लिखना चाहिए।
- कहानी सदा भूतकाल में लिखनी चाहिए।
- कहानी के अंत में उससे मिलने वाली शिक्षा अवश्य लिखनी चाहिए।
- कहानी का अंत अचानक या अटपटा न हो, इसका ध्यान रखना चाहिए।

बच्चो! मैंने आपको 'कहानी' लेखन के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपको उसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. कहानी किसके आधार पर लिखी जाती है?
प्रश्न - 2. कहानी का शीर्षक कैसा होना चाहिए?
प्रश्न - 3. कहानी किस काल में लिखी जाती है?
प्रश्न - 4. शिक्षा कहानी के किस भाग में लिखी जाती है?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इनके उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. कहानी चित्र, संकेत व शिक्षा के आधार पर लिखी जाती है।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date- 03.02.2025 Class- IV
Subject- Hindi Language Page- 3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

उत्तर-2. कहानी का शीर्षक आकर्षक एवं छोटा होना चाहिए।
उत्तर-3. कहानी भूतकाल में लिखी जाती है।
उत्तर-4 शिक्षा कहानी के अंत में लिखी जाती है।

बच्चो! आज हम इस पाठ में 'एकता में बल है' कहानी पढ़ेंगे। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

एकता में बल है.

एक जंगल में चार गायें रहती थीं। चारों आपस में गहरी मित्र थीं। वे एक साथ चरतीं, एक साथ जंगल में घूमतीं और साथ-साथ ही सोती थीं। उसी जंगल में एक शेर भी रहता था। वह उन चारों गायों को रोज़ देखता और सोचता, कितना अच्छा हो, यदि मुझे ये गायें खाने को मिल जाएँ। इनका मांस तो मेरे लिए कई दिनों का भोजन बन सकता है। परंतु वह उनकी एकता के कारण उनके पास जाने से डरता था, क्योंकि वे चारों गायें बहुत हट्टी-कट्टी थीं। एक बार शेर ने उनमें से एक गाय पर हमला करने की भूल कर दी थी, तब चारों गायों ने मिलकर उसे खदेड़ दिया था।

अचानक एक दिन किसी बात पर चारों गायों की आपस में लड़ाई हो गई। वे एक-दूसरे से रूठकर अलग-अलग दिशाओं में चली गईं। शेर यह सब देख रहा था। उसकी खुशी का कोई ठिकाना न रहा। उसने मौका देखा और अकेली गाय पर हमला कर उसे मार डाला। इसी तरह उसने एक-एक करके चारों

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date - 03.02.2025 Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 4
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms Suman Sharma

गायों को मारकर उन्हें अपना भोजन बना लिया।
शिक्षा :- बच्चो ! इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि आपस की लड़ाई में शत्रु को लाभ होता है, अत: मिल-जुल कर रहना चाहिए।

बच्चो ! मैंने आपको 'एकता में बल है' कहानी समझा दी है। आशा है यह कहानी आपको अच्छे से समझ आ गई होगी। अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी।
गृहकार्य :-

- सभी बच्चे इस कहानी को अच्छे से समझने के लिए दो से तीन बार पढ़ेंगे।
- बच्चे इस कहानी 'एकता में बल है' को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner